हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 6 अक्टूबर 2025



# नांदगांव के शहरी-ग्रामीण कांग्रेसियों से आज मिलेंगे सपरा, पूछेंगे उनकी पसंद

## आज से शुरू होगी कांग्रेस में नए कप्तान की खोज, पांच दिन में 9 बैठक करेंगे पर्यवेक्षक सपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कांग्रेस का अगला जिला और शहर अध्यक्ष तय करने की प्रक्रिया आज से शुरू होने जा रही है। पर्यवेक्षक बनाए गए चरण सिंह सपरा शहर पहुंच चुके हैं। वे आज राजनांदगांव विस के शहरी एवं ग्रामीण नेताओं से मिलकर नए कप्तान के लिए उनकी पसंद का विकल्प पूछेंगे। इसके साथ ही कांग्रेस की उनके इलाकों में स्थिति को लेकर भी चर्चा की जाएगी।

पर्यवेक्षक सपरा तीन जिलों के अध्यक्ष का पैनल बनाने से पहले अगले पांच दिनों में कुल 9 बैठक करने वाले हैं। खास बात यह है कि कांग्रेसियों के अलावा इस बैठक में अन्य क्षेत्र के लोगों को भी बुलाया जाएगा। जिला अध्यक्ष को दी जाने वाली शक्तियों के चलते दावेदारों में भी इजाफा देखने को मिल रहा है। पूर्व विधायकों से लेकर कई वरिष्ठ नाम भी अपने लिए ताकत लगा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्तर पर लिए गए फैसले के अनुसार अब सभी जिलों में नए सिरे से अध्यक्ष बनाए जा रहे हैं। इस प्रक्रिया के तहत केवल नियुक्ति नहीं, बल्कि जमीन पर कांग्रेस का काम करने वाले कार्यकर्ताओं से भी रायशुमारी की जा रही है। प्रदेश के कई जिलों में पर्यवेक्षकों ने काम शुरू भी कर दिया है। राजनांदगांव सहित खैरागढ़ और मोहला-मानपुर जिले के पर्यवेक्षक बनाए गए चरण सिंह सपरा आज से यह काम शुरू करेंगे।



### व्यापारी, वकील और पत्रकारों से भी चर्चा

पहली बार होगा, जब कांग्रेस अपने नए जिला और शहर अध्यक्ष की ताजपोशी से पहले कई क्षेत्र के लोगों से उनके फीडबैक लेगी। पर्यवेक्षक सपरा अपने दौरे के अंतिम दिन 10 अक्टूबर को तीन घंटे तक सिविल सोसायटी के सदस्य, बार एसोसिएशन, व्यापारी संघ, प्रेस क्लब के सदस्यों से मिलकर उनकी राय लेंगे।

### शक्तियों का केंद्र होगा अध्यक्ष

ज्ञात हो कि कांग्रेसी आलाकमान ने पहले ही साफ कर दिया है कि बनाए जा रहे नए जिला एवं शहर अध्यक्ष के पास कई शक्तियां दी जाएगी। इन अध्यक्षों को विधानसभा, लोकसभा के अलावा स्थानीय चुनाव में टिकट वितरण के लिए आयोजित बैठक में शामिल किया जाएगा। उनसे राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रतिनिधि संपर्क में रहेंगे और उनकी सुनवाई की जाएगी। यही कारण है कि विपक्ष में रहने के बावजूद कांग्रेस के कई दिग्गज अध्यक्ष बनने के लिए दावेदारी कर रहे हैं।

### दावेदारों ने शुरू की लाबिंग

कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पर्यवेक्षक बनाए जाने के बाद कुछ नेताओं ने पद के लिए अपनी लॉबिंग या तैयारी शुरू भी कर दी है। इनमें कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष के लिए भागवत साहू, नवाज खान, पदम कोठारी, पंकज बांधव, विपिन यादव, वीरेन्द्र बोरकर जैसे नाम शामिल हैं। वहीं कांग्रेस शहर अध्यक्ष बनने कुलबीर छाबड़ा, जीतू मुदलियार, सुदेश देशमुख, अमित चंद्रवंशी, रमेश डाकलिया, नरेश डाकलिया, दिनेश शर्मा, अशोक फड़नवीस, मेहुल मारू, हफीज खान, आसिफ अली के नाम आगे आए हैं। खैरागढ़ जिले का नया कप्तान बनने में कोमल साहू, दिनेश यादव, मिहिर झा, उत्तम सिंह, सुनील पांडे, मनराखन देवांगन, रणजीत सिंह चंदेल, कन्हैया बैस और नीलेन्द्र शर्मा दिलचस्पी दिखा रहे हैं। वहीं वनांचल जिला मोहला-मानपुर में सुरजीत ठाकुर, मनीष निवल, लक्ष्मण सिन्हा जैसे नाम बताए जा रहे हैं।

**इनसे मिलेंगे सपरा :** मिली जानकारी के अनुसार पर्यवेक्षक द्वारा ली जाने वाली 9 बैठक की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। सपरा जिले के मौजूदा विधायक, पूर्व विधायक, विस प्रत्याशी, पंचायत सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, एआईसीसी और पीसीसी सदस्य, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल, एससी-एसटी और ओबीसी सेल के नेताओं से मिलेंगे। राजनांदगांव में सर्किट हाउस, मोहला में एलएलए हॉस्टल, डोंगरगांव में कांग्रेस भवन, छुरिया में साहू भवन, डोंगरगढ़ में बम्लेश्वरी मंदिर हॉल में बैठक होगी।

# मधुमक्खी के हमले से दो की मौत, 5 घायल..इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर के नवागांव वार्ड में बीड़ी श्रमिक कॉलोनी के समीप रहने वाली एक महिला और एक युवक की मधुमक्खी के हमले से मौत हो गई। दो मौत के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। मधुमक्खी के हमले में अपने पुत्र को बचाने एक पिता की जान चली गई। इस हृदय विदारक घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है।

शनिवार सुबह रोज की तरह नवागांव बीडी कॉलोनी के समीप रहने वाली कुछ महिलाएं खेत पर काम करने गई हुई थी। सुबह लगभग 10 बजे के करीब पार्वती साहू, सुमित्रा साहू, माया डोंगरे, सुनीति यादव और सुशील देवांगन ने रेलवे ट्रैक के समीप लगे खेत के मेड़ पर पहुंचकर अपना टिफिन, मोबाइल फोन और मोरा मेड़ पर रखा, तभी सैकड़ों मधुमक्खियां ने भुनभुनाते हुए इन पांच महिलाओं पर हमला कर दिया। मधुमक्खी द्वारा काटे जाने से महिलाओं में अफरा-तफरी मच गई। जान बचाकर भागने के फेर में खेत की मेड के समीप ही तीन महिलाएं गिर गई। वहीं दो महिलाएं वहां से भागते हुए मदद के लिए चीख-पुकार करने लगी, तभी रेलवे ट्रैक पर काम कर रहे कुछ मजदूरों ने महिलाओं के परिजनों को फोन किया, तब तक मधुमक्खी का शिकार हुई तीन अन्य महिलाएं भी कुछ दूर आई और गांव वालों की सहायता से उन्हें अस्पताल ले जाया गया। तीनों महिलाओं को काफी मधुमक्खियों ने काटा था। जिनकी हालत ज्यादा गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं पार्वती साहू को बसंतपुर जिला अस्पताल ले जाया गया।



### घायलों का उपचार जारी

घायल महिलाओं ने बताया कि उन्होंने खेत के आसपास मधुमक्खियों का कहीं भी बड़ा छाता नहीं देखा है। वे रोज खेत में काम के लिए जाती थी, लेकिन शनिवार की सुबह यह मधुमक्खियां कहां से आई, नहीं पता।मधुमक्खी के हमले में घायल महिलाओं और मृतक शिव यदु के पुत्र का उपचार जारी है।

**आज सुबह महिला की मौत :** मधुमक्खी के हमले में घायल लगभग 55 वर्षीय महिला सुशीला देवांगन ने भी आज तड़के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इधर गांव में दो मौत के बाद मातम पसर गया। दोनों ही मृतकों के घर चंद कदम के फासले पर ही हैं। मधुमक्खी के हमले में हुए इस मौत के बाद गांव के लोग सकते में आ गए हैं।

### पुत्र को बचाने ओढ़ाया अपना कंबल

इधर मधुमक्खी के हमले के बाद महिलाओं द्वारा मेड पर छोड़े गए सामान को लाने सुनीति यदु का पुत्र शिव यदु अपने 12 वर्षीय पुत्र बिट्टू यदु के साथ घटनास्थल पर पहुंच गया। उसके पहुंचते ही मधुमक्खियों ने उस पर भी हमला कर दिया। हालांकि उसने ऐतिहातन कंबल ओढ़ रखा था, लेकिन मधुमक्खी ने साथ पहुंचे उनके पुत्र बिट्टू पर भी हमला किया तो शिव यदु ने अपना कंबल निकालकर अपने पुत्र को ओढ़ा दिया। इस दौरान सैकड़ों मधुमक्खियों के एक साथ हमले की वजह से शिव यदु बुरी तरह घायल हो गया। जैसे-तैसे वह अपने पुत्र को लेकर घर पहुंचा और फिर यहां से दोनों पिता और पुत्र को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रात लगभग 9 बजे के आसपास शिव यदु की मौत हो गई।

### करगा निंदाई के लिए गए थे खेत

जिला अस्पताल में उपचारार्थ मधुमक्खी के हमले से घायल 42 वर्षीय पार्वती साहू ने बताया कि वह अन्य महिलाओं के साथ खेत में करगा निंदाई के लिए गई हुई थी, जब वह खेत के मेड पर अपना सामान रख रहे थे, तभी सैकड़ों मधुमक्खियों ने हमला किया। उन्होंने अपनी जान बचाने साड़ी के पल्लू से अपना चेहरा भी ढंक लिया। इसके बाद भी मधुमक्खियों उन्हें डंक मारती रही। इसके बाद वह अपनी जान बचाकर मौके से भागी और लोगों को मदद के लिए आवाज लगाई।

### खीर-पुड़ी का वितरण कल

डोंगरगांव। शरद पूर्णिमा और समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज, नवाचार्य समय सागर महाराज के अवतरण दिवस के मौके पर आगामी 7 अक्टूबर को खीर, पुड़ी का वितरण किया जाएगा। जैन समाज के युवाओं द्वारा यह वितरण आचार्य श्री के संयम के 50 साल पूरे होने की स्मृति में बनाए गए कीर्ति स्तम्भ के पास किया जाएगा। आयोजकों ने लोगों से शामिल होने की अपील की है।

### माय एंगल





## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स
**NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549**

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (NURSING SUPERVISOR) डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं, 12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। (4) विद्याकौशल के माध्यम से शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि - 30.10.2025**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 10.11.2025**

**प्रति,**
**कार्यसंचालक (NSDC)**
**मॉडर्न नालेज एजुकेशन**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**
**कार्य संचालक पैरामेडिकलकोर्स**

**महोदय,**

..........पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..........
2. पिता/पति का नाम ..........
3. जन्मतिथि अंकों में ..........
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ..........
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..........
   मोबाइल नंबर ..........
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..........
7. शैक्षणिक योग्यता ..........

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

**नोट : -** (1) आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।












दीपावली पर्व
घर सजे हमारे साथ
खरीदें सूरत की साड़ी
सूरत के दाम पर
एक छत के नीचे
पूरे परिवार के लिये
खरीदें कपड़े
जिले का सबसे बड़ा शोरुम डोंगरगांव में फैमिली शॉप थोक भाव में रिटेल कपड़ा दुकान
प्रशांत होलसेल बाजार
पुराना स्टेट बैंक, फव्वारा चौक के समीप, डोंगरगांव
संपर्क सूत्र : सौरभ - 9981640064, प्रशांत - 8962960000
सभी कपड़े मार्केट रेट से 20% से 30% तक कम दाम में

## खबर संक्षेप

### बैगाटोला में दशहरा 8 को

**टेड़ेसरा।** बैगाटोला में आगामी 8 अक्टूबर को दशहरा मनाया जाएगा। इस दौरान लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में फूल मोंगरा नाच पार्टी बामी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी कृष्णा साहू ने देते हुए आसपास के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### कॉलेज की व्यवस्था पर चर्चा

**अंबागढ़ चौकी।** लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय के प्राचार्य केआर मंडावी एवं प्रो जयराम परतेती के साथ बैठक कर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी ने कालेज की व्यवस्था, अध्ययन सुविधा पर विचार विमर्श किया। उन्होंने शिक्षा, खेल, एनसीसी सुविधा का अवलोकन किया।



प्राचार्य मंडावी एवं परतेती ने बताया कि जनभागीदारी समिति के माध्यम से जो कार्य महाविद्यालय विकास के लिए होता है और शिक्षा की सहज सुविधा उपलब्ध होती है, वह जनभागीदारी समिति नहीं होने से स्थगित है। उन्होंने जल्द जनभागीदारी समिति का गठन करवाने कहा। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, राजू खंडेलवाल, ईश्वरी धुर्वे, पार्षद दिलीप कुंभकार, कविता यादव शामिल हुए।

### वृद्धाश्रम की मीना ने दिया अंग्रेजी में भाषण

**डोंगरगढ़।** जीवन आनंद वृद्धाश्रम बछेराभाटा को समाज कल्याण विभाग ने एक कार्यक्रम में आंमत्रित किया। योग शिक्षिका मंजू धनकर के नेतृत्व में आश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिक गांधी सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडेय मुख्य अतिथि थे। समारोह में वृद्धाश्रम बछेराभाटा में निवासरत मीना दुबे ने फर्राटेदार अंग्रेजी में भाषण दिया। पुराने दर्दभरे गीत गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगाया।



### आयुर्वेद दिवस पर डॉ. कल्चुरी सम्मानित



**डोंगरगढ़।** आयुर्वेद दिवस के मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने पर होम्योपैथी औषधालय में पदस्थ डॉ आलोक कल्चुरी को जिला आयुष अधिकारी डॉ शिल्पा मिश्रा एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### कॉलेज में जीएसटी सुधार पर परिचर्चा

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग ने जीएसटी सुधार का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया। अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डां आरआर कोचे ने परिचर्चा की प्रासंगिकता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जुलाई 2017 से आरंभ होने के 8 साल बाद जीएसटी पर दूसरे चरण में जीएसटी कर के स्लैब को चार स्तर से घटाकर दो स्तरीय किया गया है।



जीएसटी कर स्लेब में खाने पीने की 90 प्रतिशत वस्तुओं को टेक्स मुक्त कर दिया गया है। चांवल, दाल, आटा के अलावा दूध को शुन्य कर तथा दवाईयां, कपड़ो पर कर की दर 5 प्रतिशत किया गया है। स्नातकोत्तर की छात्रा करीना डोंगरे ने जीएसटी के वर्तमान स्वरूप को अर्थव्यवस्था में गति देने के लिए प्रभावी बताया। अंत में अतिथि व्याख्याता मनीषा भेडिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### महात्मा गांधी को किया नमन

**डोंगरगढ़।** शहर भाजपा ने गांधी जी की 156 वीं जयंती के मौके पर गोल बाजार स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हे नमन किया। इस दौरान रामजी भारती, शशिकांत द्विवेदी, सुरेंद्रसिंह बन्नोआना, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, जसमीत सिंह, ज्योति बड़वाईक, लक्ष्मी यादव, विनय बंसल, विनीत यादव, अलका सहारे, कैलाश सोनवानी, भागवत नामदेव, मनोज गुप्ता, द्वारका शर्मा, हरीश मोटघरे, रेखा राघोतरे, शिवांगी साखरे, रतन कोसे, लोकेश इंदुलकर, मीना यादव, पूजा उज्जवने, मुकुंद कंडरा, आकाश राजपूत, अजय शर्मा, रूपेंद्र इंदुलकर आदि मौजूद थे।



### साइंस कॉलेज में ओजोन संरक्षण दिवस आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 16 सितंबर को प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। डॉ. उमरे ने कहा कि ऑक्सीजन के तीन परमाणुओं से बने आजोन पृथ्वी के वायुमंडल में 10-12 किमी की दूरी पर पतली परत है, जो सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी में आने से रोकती है। सहा.प्रा. डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि ओजोन क्षरण के प्रमुख कारणों में मानव निर्मित क्लोरोफ्लोरो कार्बन तथा हेलोन्स गैसे व नौसेना के सुपरसोनिक जेट विमान है। डॉ. एके झा ने कहा कि ओजोन क्षरण से हो रहे खतरों से अवगत कराने व जागरूकता फैलाने 16 सितंबर 1995 को संयुक्त राज्य महासभा की पहल पर माट्रियल प्रोटोकाल को 191 देशों ने स्वीकृती दी थी। इसी की स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है। सरिता देवांगन ने कहा कि मानव जनित विसंगतियां धरती के समक्ष चुनौती प्रस्तुत कर रही है। हम ओजोन मित्र उपभोक्ता बने, ओजोन मित्र नागरिक बने, कोई वस्तु ऐसा न खरीदे जिस पर ओजोन मित्र का लेबल न लगा हो।

## शहर में सड़कों और नालियों का होगा विस्तार

# दो करोड़ मिले, छह माह से थमा विकास का पहिया अब दौड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

फंड के अभाव में नगर विकास और निमाण कार्यों की थमी गति के एक बार फिर तेज होगी। नगरीय प्रशासन विकास विभाग ने नगर पंचायत को अधोसरंचना मद से विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए दो करोड़ एक लाख की मंजूरी दी है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने इस सौगात के लिए सीएम एवं डिप्टी सीएम का आभार ज्ञापित किया है।

उल्लेखनीय है कि निकाय चुनाव के बाद से फंड के अभाव में निर्माण कार्य बंद थे। पुरानी परिशद के कार्यकाल में स्वीकृत कुछ कार्य जरूर चल रहे थे, लेकिन नए काम की स्वीकृति नहीं मिलने से विकास थम गया था। जानकारी के अनुसार गत एक अक्टूबर को नगरीय प्रषासन विकास विभाग ने स्थानीय नगर पंचायत को विभिन्न विकास कार्यों के लिए दो करोड एक लाख की मंजूरी दी है। राशि स्वीकृत होने से नगरवासियों में हर्ष व्याप्त है।

## निकाय ने सीएम और डिप्टी सीएम का जताया आभार



### पार्षदों की अनुशंसा से होंगे काम

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की विकास राशि का सदुपयोग किया जाएगा। विकास कार्य सभी की सहमति से कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पार्षद से पांच- पांच लाख के सड़क नाली का प्रस्ताव लिया जाएगा। बस स्टैंड में बने पंडित दीनदयाल उपाध्याय सांस्कृतिक भवन एवं प्रियदर्षनी शापिंग काम्पलेक्स, जर्जर मनोरंजन भवन की मरम्मत तथा एसएलआर सेंटर में सडक निर्माण सहित अन्य कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### अध्यक्ष ने जताया आभार

विभिन्न विकास कार्यो के लिए दो करोड़ की सौगात देने पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरूण साव का आभार ज्ञापित किया है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कह कि इस राशि से नगर में नए निर्माण कार्य शुरू होंगे और नगरवासियों को मूलभूत सुविधा प्राप्त होगी।

### पेयजल पर खर्च होगी राशि

नगर के वार्ड एक, दो मेरेगांव, कान्हे, गायत्री मंदिर कालोनी, शहीद भगत सिंह वार्ड तथा वार्ड 6 एवं 7 कान्हे, परमेश्वरी नगर एवं वार्ड 4 के कब्रिस्तान, नया बस स्टैंड क्षेत्र, वार्ड 10, 11 स्थित शंकर पारा, ब्राम्हण पारा के लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पडता है। इन वार्डों में नियमित जलापूर्ति के लिए कार्य कराने की आवश्यकता है।

### दीवाली के बाद शुरू होंगे कार्य

अध्यक्ष मानिकपुरी ने कहा कि स्वीकृत राशि का उपयोग दीपावली बाद किया जाएगा। पार्षदो से प्रस्ताव मिलने के बाद परिषद की बैठक में मंजूरी के बाद सभी कार्यों को समक्ष मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

## कबाड़ में तब्दील हुई धर्मशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- दर्शनार्थी आवास सुविधा से वंचित

दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए मंदिर परिसर एवं मेला ग्राउंड के पास धर्मशाला बनाया गया है। इस धर्मशाला को षाला नगर पालिका ने बंद कर कबाड बना दिया है। वहीं कम लागत में ठहरने के लिए 30 साल पहले बनाए गए टूरिस्ट लॉज को पालिका ने बिना करण के ही डिमेंटल करा दिया। कुछ जगह आश्रय स्थल तो बना दिया और आधी खाली जगह में राशि का दुरूपयोग कर निर्माण को अधूरा छोड़ दिया गया है। पालिका ने नीचे मंदिर मार्ग में 40 साल पहले धर्मशाला बनाया था। नीचे व्यवसायिक परिसर और पीछे और उपर में दर्शनार्थियों के लिए रूकने के लिए लॉज का निर्माण किया गया था। वर्तमान में धर्मशाला के कमरों को मुहैया करने के बजाय कबाड भर कर बंद कर दिया गया है। अब जहां दर्शनार्थी आवास सुविधा से वंचित हो रहे है वहीं पालिका को हर साल नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी तरह सतबहिनी मंदिर मार्ग में बनाए गए व्यवसायिक परिसर का अंबटन नहीं होने से दुकाने जर्जर हो गई है। इस परिसर में अज्ञात लोगों ने कब्जा कर रखा है।

### बारिश ने बढ़ाई चिंता

**डोंगरगढ़।** क्षेत्र में लगातार बारिश होने से व्यापारियों और किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। नवरात्रि के दौरान से लगातार बारिश हो रही है। उल्लेखनीय है कि दशहरा के बाद लोग अपने घरों की साफ सफाई शुरू करते है किंजु बारिश के कारण लिपाई पुताई तो दूर सफाई भी शुरू नहीं हुई। किसान भी बारिश के कारण फसल के भविष्य को लेकर चिंतित है। इधर फुटकर व्यवसाई भी व्यापार को लेकर चिंता जाहिर कर रहे है। उनका कहना है कि इसी तरह बारिश होते रही तो दिवाली में व्यापार ठंडा रहेगा।

## डोमेन्द्र को प्रधानमंत्री ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

चेन्नई में अध्ययनरत डोमेंद्र वर्मा पुत्र संतोष वर्मा निवासी पद्मावतीपुर ने मैकेनिक (डीजल) ट्रेड की अखिल भारतीय परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों सम्मान प्राप्त कर डोमेंद्र वर्मा ने अपने परिवार और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। डोमेंद्र ने बताया कि प्रधानमंत्री से पुरस्कार प्राप्त करना उनके जीवन का अविस्मरणीय क्षण है।

### मजदूरी करते हैं डोमेंद्र के पिता


डोमेंद्र वर्मा की पूंजी उसके पिता संतोष वर्मा है जो उन्हें मजदूरी कर पुत्र को चेन्नई में शिक्षा ग्रहण करने भेजा है। वह अब अपने पिता के उम्मीदों पर खरा उत रहा है। वह अपने पिता के सारे सपने पूरा करना चाहता है। उसकी उल्लेखनीय उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिवार, मित्रों और ग्रामीणों ने डोमेंद्र वर्मा को इस शानदार सफलता पर बधाई दी है।बताया जा रहा है कि डोमेंद्र बचपन से ही मेधावी छात्र है। उसे तकनीकी विषयों में विशेष रुचि रही है। उसकी यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।



### दशहरा महोत्सव 7 को

**अंजोरा।** ग्राम बिरेझर में बाल आचारी दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में 7अक्टूबर को दशहरा महोत्सव आयोजित किया गया है। समिति द्वारा पिछले 8 वर्षों से रामलीला का मंचन कर विजयदशमी मनाया जा रहा है। इस मौके पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री राम की सेना भ्रमण करने के बाद रावण के 15 फीट के पुतला का दहन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 7 बजे आरंभ होगा। बाल आचारी दशहरा उत्सव समिति ने लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

## आतिशबाजी के साथ रावण पुतले का दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

शहर में विजयदशमी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। दशहरा उत्सव समिति द्वारा कालेज ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू थी। अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी उपस्थित थे। आरंभ में ढाई घंटे तक गोपलीनचुवा की प्रख्यात रामधुनी मंडली ने रामलीला का मंचन किया। रामलीला के बाद कालेज ग्राउंण्ड में आंधे घंटे तक मनमोहक आतिशबाजी किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक छन्नी साहू एवं नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने विजयादशमी की बधाई देते हुए कहा कि रावण सबसे बडा ज्ञानी और शक्तिशाली था किन्तु उसका अंहकार एवं आसुरी विकार पतन की वजह बने। विजयादशमी पर्व यह संदेश देता है की हमे मन में बसे अहंकार, आसुरी प्रवृत्ति, क्रोध, लोभ मोह, माया को मारना चाहिए। इस दौरान पार्षद विनोद डेहरिया, शंकर निषाद, शमीमुद्दीन कुरैशी, बिट्टु रब्बानी, डीके पेंटर, मनीष बंसोड, ईश्वर देशमुख सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।

## अछोली में फसल का प्रदर्शन और प्रशिक्षण

# फुलपेज तकनीक किसानों के लिए वरदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



सवाना सीड्स और परयान एलायंस प्रा. लि. के तत्वावधान में अछोली में किसान संगोष्ठी, फसल प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू थे।

कार्यक्रम में भाजपा नेता रविन्द्र वैष्णव, सरपंच भारत भूषण, कंपनी के डॉ. विकाससिंह, दुर्गेश चंद्राकर सहित आसपास के गांव से लगभग 150 से अधिक किसान सम्मिलित हुए। सभी ने फुलपेज तकनीकी वाले धान के खेत का भ्रमण किया एवं जानकारी प्राप्त की। किसानों ने धान की खेती में होने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि खरपतवार, मजदूरों की समस्या एवं बढ़ती मजदूरी दर, पानी की समस्या सबसे अधिक होती है। सवाना सीडस के टीएसएम दुर्गेश चंद्राकर ने बताया कि इन समस्याओं का समाधान फुलपेज तकनीकी में मिलता है। यह तकनीकी सीधी बिजाई को बनाती है। इस तकनीक से बेहतर अंकुरण एवं स्वस्थ फसल होती है साथ ही खरपतवार एवं जंगली धान पर नियंत्रण किया जा सकता है। फुलपेज तकनीकी में किसानो को रोपाई में लगने वाले मजदूरों से छुटकारा मिलता है। खेत मचाई का खर्च बचता है खरपतवार, करगा से मुक्ति मिलती है।

### किसान सुधारे स्थिति

विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि सभी किसान खेती की उन्नत तकनीकी का उपयोग कर उत्पादन बढाकर आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकते हैं। डां विकास सिंह ने कहा कि फुलपेज एक नई तकनीकी है जो किसानों के लिए बहुत ही लाभकारी है। इस तकनीकी के आने से धान की बुवाई आसान हो गई है साथ ही लागत में कमी आई है। किसानों को खरपतवार, करगा से छुटकारा मिला है।

### अनुभव किया साझा

कृषक एकांत चंद्राकर में अनुभव साझा करते हुए बताया कि फुलपेज धान की बुवाई सीडड्रिल से की।उन्होंने 10.5 किग्रा बीज प्रति एकड़ साथ ही बुवाई के समय 1 बोरी डीएपी एवं वजीर नामक नींदानाशक का दो बार छिड़काव किया। वजीर नींदानाशक का छिड़काव करने से खरपतवार, करगा, पुराना धान नियंत्रित हो जाता है। फुलपेज तकनीक किसानों के लिए करगा मुक्त के साथ लेबर मुक्त, कर्जा मुक्त और टेंशन मुक्त तकनीक है। इस तकनीक से किसानों को रोपाई और निंदाई में लगने वाले खर्च का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### कोर कमेटी की बैठक में शामिल हुए विष्णु लोधी

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लोधी समाज की कोर कमेटी की बैठक शनिवार को धमधा में सम्पन्न हुई। बैठक में कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी भी शामिल हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज तभी सशक्त बन सकता है जब हम ईमानदारी, एकजुटता और सेवा भावना से कार्य करें। श्री लोधी ने 500 प्रतिमाह का योगदान देने की घोषणा की। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने की। संचालन प्रदेश कृष्ण कुमार सिगौर ने किया। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए कार्यकाल हस्तांतरण से संबंधित प्रक्रिया की समीक्षा, संस्था के नाम से प्राप्त पैन नंबर के अनुमोदन एवं उपयोग, स्टेट बैंक डोंगरगढ़ में समाज के नाम से खाता खोलने एवं संचालन करने का निर्णय लिया गया।



## निकाय के उपयंत्री को बिदाई

**अंबागढ चौकी।** नगर पंचायत के उपयंत्री हरीशंकर वर्मा का फिंगेश्वर निकाय में तबादला हो गया है। तीन वर्षों से नगर पंचायत अंबागढ चौकी में कार्यरत उपयंत्री श्री वर्मा को स्थानांतरित होने पर नगर पंचायत परिवार ने बिदाई दी। नगर पंचायत के सभागृह में आयोजित बिदाई कार्यक्रम में अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, सीएमओ विजय पांडे शामिल हुए। उपयंत्री श्री वर्मा को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## सार समाचार

### सेवा पखवाड़ा के तहत विविध आयोजन



**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में रासेयो के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 17 सितंबर को प्राचार्य डॉ. उमरे ने उपस्थितजनों को स्वच्छता शपथ दिलाई। 20 सितंबर को बर्फानी धाम में शिवनाथ कॉलेज, दिग्विजय कॉलेज, कमला कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज के रासेयो इकाई ने मिलकर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें नगर निगम का पूर्ण सहयोग मिला। महाविद्यालय में विकसित विषय पर पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। 21 सितंबर को महाविद्यालय के गार्डन, परिसर, खेल चौक की साफ-सफाई व महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी जयंती व लालबहादुर शास्त्री की जयंती समाजसेवी अमर ललवानी के मुख्य आतिथ्य व जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि सिन्हा की अध्यक्षता में मनाई गई।

### कलेक्टर ने सुनी शिकायत एवं समस्याएं



**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### घर-घर क्लोरिन टेबलेट का वितरण



**राजनांदगांव।** मौसमी बीमारी मलेरिया, डेंगू एवं अन्य संक्रामक बीमारियों को फैलने से रोकथाम व बचाव के लिए नागरिकों को डोर-टू-डोर जाकर समझाईस देने व जागरूक किए जाने महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने अपने-अपने प्रभारित वार्ड में सफाई दरोगा एवं वार्ड प्रभारियों को दायित्व सौंपने स्वास्थ्य अधिकारी एवं मिशन क्लीन सिटी प्रभारी को निर्देशित किया। आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि मौसमी बीमारी डेंगू, मलेरिया तथा अन्य संक्रामक बीमारी फैलने की संभावना बनी रहती है, जिसे ध्यान में रखते महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर नागरिकों को संक्रामक बीमारी से बचाने नगर में साफ-सफाई के अलावा लोगों में संक्रामक बीमारी फैलने से रोकने व बचाव हेतु नागरिकों को डोर-टू-डोर जाकर निगम का स्वास्थ्य अमला आमजनों को समझाईस दे रहे हैं।

### जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान



**राजनांदगांव।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जयंती तथा जिला वार्षिक कार्यक्रम के तहत भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा जिला स्काउट्स-गाइड भवन राजनांदगांव में संगोष्ठी, स्वच्छता कार्य, आत्मसुरक्षा, सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। राज्य उपाध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राजेन्द्र गोलछा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों में बारे में बताया। कार्यक्रम में विष्णु प्रसाद साव ने गाइड रेंजर को विषम परिस्थितियों हेतु आत्मसुरक्षा के गुर बताए। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष उमेश हथेल, जिला उपाध्यक्ष विष्णुप्रसाद साव, जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल, आजीवन सदस्य विजय टेम्भूरकर, जिला सचिव देवेंद्र अम्बादे, जिला संगठन आयुक्त स्काउट मयूख श्रीवास्तव, सचिव विकासखंड राजनांदगांव प्रवीण साव, स्काउट मास्टर मनीष सोनी सहित स्काउट्स-गाइड्स रोवर रेंजर्स उपस्थित थे।

### समाजसेवी महिलाओं ने जमकर खेला गरबा



**राजनांदगांव।** नवरात्रि पर्व पर आराधना महिला मंडल द्वारा कस्तूरबा भवन में दो दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। महिला मंडल अध्यक्ष प्रभा बरडिया की संयोजना में आयोजित उक्त गरबा महोत्सव में समाजसेवी महिलाओं ने जमकर गरबा खेले और मातारानी के चरणों में अपनी श्रद्धा-आस्था के पुष्प समर्पित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री फूलबासन यादव, विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, प्रो. हरप्रीत गरचा, समाजसेवी भागचंद गिड़िया उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत मंडल अध्यक्ष प्रभा बरडिया, सचिव पुष्पा अग्रवाल व कोषाध्यक्ष अलका जानी द्वारा किया गया। महोत्सव में मुख्य अतिथि श्रीमती यादव ने समाजसेवी शारदा तिवारी, प्रभा बरडिया, पुष्पा अग्रवाल, अलका जानी आदि के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना चुनरी चढ़ाकर की। विशेष अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राजपूत व श्रीमती गरचा ने सभी को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी।

## बारिश और खराब मौसम से टमाटर की फसल तबाह

# टमाटर की फसल खराब, दाम भी गिरे, संकट में किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



क्षेत्र के किसान एक बड़े रकबा पर टमाटर की खेती करते हैं। बारिश और खराब मौसम ने टमाटर की फसल को तबाह कर दिया है। वर्तमान में फसल से मुनाफा होना तो दूर लागत मिलना मुश्किल नजर आ रहा है। वही दूसरी ओर टमाटर की थोक कीमत गिरने से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

नर्मदा मंडी में शनिवार और रविवार को टमाटर की थोक कीमत पर जबरदस्त गिरावट आया। मौसम खुलने बाद किसानों को टमाटर की कीमत बढ़ने का अनुमान था पर इसके विपरीत टमाटर प्रति कैरेट डेढ़ सौ से दो सौ रूपए में सिमट गया। इस साल यह दूसरी बार देखने को मिला जब थोक में टमाटर दो सौ मध्य आया है। ज्ञात को कि क्षेत्र में बहुसंख्यक किसान टमाटर का उत्पादन करते हैं। इस सप्ताह की शुरूवात में टमाटर के दाम सात सौ के आस पास रहा। इसके बाद लगातार बादल छाने तथा टमाटर की आवक में बढ़ोतरी होने से दाम लगातार गिरते गया। बीते सप्ताह टमाटर प्रति कैरेट की दर साढ़े तीन सौ के आसपास बना रहा। शुक्रवार को इस कीमत में सौ से डेढ़ सौ रूपए घट कर दो सौ रूपये प्रति कैरेट पर आ गया था। रविवार की तडके सुबह सैकड़ों किसान टमाटर बेचने पहुंचे थे किन्तु दाम सुनकर सकते में आ गए। बहुत से किसान काफी देर तक टमाटर के दाम बढ़ने का इंतजार करते रहें। अंततः उन्हे घटे कीमत पर टमाटर बेचना पड़ा।

#### दाम लागत से कम

किसानों ने बताया कि दो सौ रूपए या इससे कम का दाम नुकसान दायक है। महंगी खाद एवं दवा के कारण टमाटर का उत्पादन लागत काफी अधिक हो गई है। खराब मौसम का बुरा असर फसल में पड़ा है। टमाटर तोड़ाई की मजदूरी दो सौ अधिक है ऐसे में दो सौ रूपए कैरेट के दाम पर फसल बेचना हानिप्रद होगा। वही कुछ किसानों ने बताया की बारिश और बदली के कारण शुरूवात में ही बहुत सा फसल बरबाद हो गया था। अब जब फसल जैसे तैसे ठीक से निकलना शुरू हुआ तो दाम गिर गया है। वही कुछ किसानों ने बताया की शुरूवात में छ, सात सौ रूपये प्रति कैरेट के आस पास कीमत में फसल बेचकर लागत वसूल कर ही रहे थे की दाम एकदम से गिर गया।

#### चिल्हर बिक्री में मामूली गिरावट

रविवार को डेढ़ सौ रूपए प्रति कैरेट टमाटर बिकने के बाद भी चिल्हर बिक्री में अपेक्षित दाम कम नही हुआ है। शुक्रवार शनिवार को बाजार में 20 रूपये प्रति किलोग्राम की दर पर बिकते देखा गया। उपभोक्ताओं ने कहा कि चिल्हर में उन्हें ठगा जा रहा है। थोक में कीमत गिरने के बाद भी टमाटर मंहगे दाम पर खरीदना पड़ रहा है।

## शहर में चिल्लर विनिमय वितरण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चेम्बर्स ऑफ कामर्स द्वारा आईसीआईसीआई बैंक के सहयोग से व्यापारियों की सुविधा के लिए सिक्कों का विनिमय शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 10 लाख रुपए के सिक्के लगभग 200 से अधिक व्यापारियों को दिए गए।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के इस अभियान की प्रशंसा करते कहा कि दीपावली के समय में प्रत्येक व्यापारी को व्यापार की सरलता के लिए चिल्लर की आवश्यकता होती है। ऐसे समय में चेंबर ऑफ कॉमर्स ने इस शिविर का आयोजन कर उन्हें उनकी समस्या में निदान का अवसर प्रदान किया। इसके लिए उन्होंने कमलेश बैद एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स को शुभकामनाएं दी।

शिविर में स्वागत प्रतिवेदन चेंबर के अध्यक्ष कमलेश बैद ने दिया। शिविर में बड़ी संख्या में शहर के व्यापारी उपस्थित थे, जिन्हें चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रत्येक व्यापारी को 5000 के सिक्कों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष ज्ञानचंद बाफना एवं आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष विनोद डड्डा ने किया।

इस अवसर पर चेंबर के महामंत्री अरुण डुलानी, प्रदेश उपाध्यक्ष भीमन धनवानी, आलोक बिंदल, ओमप्रकाश कांकरिया, अमर लालवानी, तरुण लहरवानी, जितेश पटेल, शिव अग्रवाल, राजेश मारवीजा, राजकुमार बाफना, बलबीर बग्गा, नरेश बावरिया, ललित भंसाली, दीपक नौलखा, आशीष अग्रवाल, संजय चोपड़ा, उत्तम गीड़िया, नेमीचंद जैन, संयम जैन, राजीव जैन, सुखविंदर भाटिया, अजय कोटडिया, रानू जैन सहित बड़ी संख्या में चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## महाप्रसादी का आयोजन आज

**डोंगरगढ़।** संगम सरस्वती उत्सव समिति पारागॉव कला के तत्वाधान में शरद पूर्णिमा के उपलक्ष में कल 6 अक्टूबर सोमवार को मां सरस्वती का हवन एवं महाप्रसादी भंडारा का कार्यक्रम है। साथ ही साथ रात 9 बजें छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी (धर्म के पूजा) ग्राम मुडोरी मनचुआ जिला बालोद वालों का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त कार्यक्रम में भीखम चंद साहू सचिव ने ज्यादा से ज्यादा उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## जिपं सीईओ ने ली योजनाओं व कार्यक्रमों के प्रगति की जानकारी



**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जिला पंचायत के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सभी महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में पंचायत विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।

जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत चल रहे कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों का नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोधाम योजना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार घुमन्तु पशुओं के आश्रय के लिए गौधाम योजना प्रारंभ की गई है। जिसके लिए निर्धारित प्रपत्र में स्वयंसेवी संस्था एवं अन्य पंजीकृत समितियों द्वारा निर्धारित समयावधि में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। गौधाम का संचालन शासकीय रिक्त भूखंड अथवा बंद पड़े गौठानों का उपयोग किया जा सकता है। जिसमें लगभग 200 पशुओं को रखने की व्यवस्था हो। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत सीईओ ने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, आदि कर्मयोगी, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों के संबंध में समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के अधिकारियों सहित वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जनपद पंचायतों के सीईओ एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय शालेय स्पर्धा में जीते स्वर्ण व कांस्य पदक




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पटरी पार क्षेत्र के खिलाड़ियों ने 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता रायपुर में शानदार प्रदर्शन करते स्वर्ण एवं कांस्य पदक जीतकर जिले और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। चिखली स्कूल मैदान में अभ्यासरत खिलाड़ी पुष्पिता साहू, घनिष्ठा साहू, द्विशा निषाद, मोनिष्का विश्वकर्मा एवं दक्ष चौबे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 27 से 30 सितंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 5 संभाग की टीम रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर एवं सरगुजा ने भाग लिया। जिसमें घनिष्ठा साहू ने शानदार प्रदर्शन करते 4 गोल किए। मोनिष्का विश्वकर्मा ने 1 गोल किया। पुष्पिता साहू ने रक्षा पंक्ति में मजबूत खेल दिखाया तथा द्विशा निषाद ने बतौर गोलकीपर कई निर्णायक बचाव कर दर्शकों का दिल जीत लिया। दक्ष चौबे ने बालक वर्ग में गोलकीपर के रूप में सबसे कम गोल खाने का रिकॉर्ड बनाया। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो गुना (मध्यप्रदेश) में दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित होना है, में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

#### भव्य स्वागत एवं सम्मान रैली

प्रतियोगिता से विजयी होकर लौटने पर खिलाड़ियों का पटरी पार क्षेत्र में सम्मान रैली आयोजित की गई। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने फूलों की वर्षा और जयकारों के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला हॉकी संघ सचिव शिवनारायण धकेता, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, राजा माखीजा एवं सुनील साहू, समाजसेवी भरत वर्मा, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी नरेश डाकलिया, रमेश डाकालिया, कुतबुदद्दीन सोलंकी, प्रकाश शर्मा, अजय झा, अनूप श्रीवास्तव, कुमार स्वामी, समाजसेवी नीलम जैन, गुणवंत पटेल, प्रिंस भाटिया, अब्दुल कादिर, महेन्द्र सिंह ठाकुर, दिग्विजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रशिक्षक भूषण साव एवं अनुराज श्रीवास्तव, कोच किशोर धीवर, चन्द्रहास, दिलीप रावत, महिमा यादव, शकील अहमद, आरती शेंडे, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, जिला क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र ठाकुर, प्राचार्य योगेश, समाजसेवी लक्ष्मण यादव, हारुन खान, दीपेश चौबे, छोटू चौबे सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

## चना के बजाए गेहूं की बीमा प्रविष्ट करने की शिकायत

# प्रबंधक की लापरवाही से चना बीमा से वंचित किसान, मुआवजे की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम पंचायत धौराभाठा के आश्रित ग्राम बुंदेलीखुर्द एवं ग्राम पंचायत डोम्हाटोला के आश्रित ग्राम बुंदेलीकला के किसानों ने सहकारी समिति पदुमतरा के प्रबंधक पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि उन्होंने वर्ष 2024-25 में समिति से चना बीज क्रय कर चना फसल की बुआई की थी तथा नियमानुसार फसल बीमा (ऋणी) भी कराया था।

बावजूद इसके प्रबंधक की गलती से चना के बजाय गेहूं की बीमा प्रविष्ट कर दी गई है। जिसके चलते किसान बीमा राशि से वंचित रह गए। किसानों ने बताया कि जिन किसानों का चना बीमा सही हुआ था, उन्हें प्रति एकड़ लगभग 10,000 रुपए की क्षतिपूर्ति बीमा कंपनी द्वारा उपलब्ध करा दी गई है, लेकिन संबंधित किसानों को जिनका गलत फसल बीमा कर दिया गया है, किसी प्रकार की बीमा राशि नहीं मिली। किसानों ने इस त्रुटि को गंभीर लापरवाही मानते प्रबंधक पर कार्रवाई और उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है।



#### प्रभावित किसान

प्रभावित किसानों में है रामखिलावन वर्मा पिता भरोसाराम ग्राम बुंदेलीकला रकबा 5.03 एकड़, डाकवर ठाकुर पिता रामचरण ग्राम बुंदेलीकला रकबा 1.00 एकड़, लेखराम वर्मा पिता पल्टन वर्मा ग्राम बुंदेलीखुर्द रकबा 14.20 एकड़, खिलेश वर्मा पिता जमुनालाल वर्मा ग्राम बुंदेलीखुर्द रकबा 15.25 एकड़, नरेश वर्मा पिता भारतलाल वर्मा ग्राम बुंदेलीखुर्द रकबा 4.25 एकड़, भारत वर्मा पिता राजाराम वर्मा ग्राम बुंदेलीखुर्द रकबा 4.00 एकड़, साहूकार वर्मा पिता केजनाथ वर्मा ग्राम बुंदेलीखुर्द रकबा 18.10 एकड़, चंद्रहास वर्मा पिता साहूकार वर्मा ग्राम बुंदेलीखुर्द रकबा 3.22 एकड़ आदि शामिल हैं।

#### किसानों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

किसानों ने उपायुक्त सहकारिता राजनांदगांव को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि प्रबंधक के खिलाफ उचित कार्रवाई करते सभी प्रभावित किसानों को बीमा राशि प्रदान की जाए। किसानों का कहना है कि संबंधित खसरा नंबरों की अनावारी रिपोर्ट में भी चना फसल दर्ज है, जो उनके दावे की पुष्टि करता है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शीला टाकेश सिन्हा, मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोइर, भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष टाकेश सिन्हा समेत अन्य किसान उपस्थित रहे। उन्होंने भी किसानों के साथ मिलकर मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की।

## बोईरडीह में दशहरा पर्व का आयोजन 7 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़



ग्राम पंचायत रानीतराई रोड के आश्रित ग्राम बोईरडीह में 7 अक्टूबर शरद पूर्णिमा को भव्य दशहरा मनाया जाएगा। गांव वाले इस उत्सव को लगभग 95 वर्षों से मनाते आ रहे हैं। गांव के पंडित आचार्य त्रिलोकी शर्मा ने बताया कि अंचल में यहां का दशहरा काफी प्रसिद्ध है। दूर दराज से लोग इस दशहरा उत्सव में शामिल होने आते हैं गांव में 1968 से रावण की क्रांकिट से बने 20 फीट मूर्ति स्थापित की गई है। दशहरे के दिन ढोल नगाड़े के साथ राम लक्ष्मण व उसकी सेना जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए झांकी रूपी हाथी में सवार होकर रावण की मूर्ति के पास पहुंचकर अग्निबाण छोड़ने की रस्म अदा करते हैं। गांव के रामलीला मंडली द्वारा राम रावण संवाद का मंचन करेगी। रात्रि में दशहरा उत्सव के बाद लोगों के मनोरंजन के लिए महतारी के आंसू छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी संसारगढ़ मानपुर मोहला वालों की प्रस्तुति होगी।

## अवकाश के बाद आज खुलेंगे स्कूलों के पट

**सड़क अतरिया।** सप्ताह भर के दशहरा अवकाश के बाद सोमवार से सभी सरकारी एवं निजी विद्यालय के पट खुलेंगे। आज से सभी स्कूलों में बच्चों को चहलकदमी एवं अध्यापन कार्य शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि दशहरा अवकाश के पहले सभी सरकारी एवं निजी विद्यालय में त्रैमासिक परीक्षा पूर्ण कर लिया गया था। छात्रों को परीक्षा परिणाम की घोषणा नहीं किया गया था। आज छात्रों को अपना परीक्षा परिणाम जानने की उत्सुकता रहेगी। सप्ताह भर अवकाश को लेकर शिक्षकों द्वारा छात्रों को गृह कार्य भी दिया गया था, ताकि छात्रों में अध्यापन को लेकर जुडाव बना रहे।

# आरएसएस की शताब्दी वर्ष का उत्साह, पथ संचलन में दिखा कर्तव्य और राष्ट्र प्रेम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा अपनी स्थापना का शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। वर्ष 1925 में आरएसएस की स्थापना हुई थी। इस वर्ष संघ के 100 वर्ष पूरे हुए। जिसको लेकर संघ के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह नजर आ रहा है।

एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस शताब्दी वर्ष पर डाक टिकट स्मृति और सिक्का जारी किया गया है( वहीं दूसरी और शहर के विभिन्न शाखाओं द्वारा पथ संचलन कर कदमताल करते हुए लोगों में राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया जा रहा है।

राष्ट्र की सेवा में समर्पित आरएसएस की शताब्दी वर्षगांठ पर इसे काफी उत्साह से मनाने के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में शहर के गंज चौक, दीनदयाल नगर, चिखली, बलदेवबाग और गांधी सभागृह से आरएसएस के कार्यकर्ताओं द्वारा पथ संचलन किया गया। आयोजन को लेकर संघ के कार्यकर्ताओं में उत्साह बना रहा।

## शहर के विभिन्न शाखाओं में पथ संचलन, कार्यकर्ताओं में उत्साह

### एकता और अनुशासन का प्रदर्शन

शहर के अलग-अलग क्षेत्र में हुए इन आयोजनों में विभिन्न अतिथि शामिल हुए। वहीं शहर के गंज स्थित आयोजन में बिसन अग्रवाल अध्यक्षता के तौर पर शामिल रहे। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में विभाग प्रचारक जितेन्द्र शर्मा ने शिरकत की। इस दौरान आरएसएस कार्यकर्ताओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और इसके बाद ध्वज वंदना की गई। वहीं शहर में कदमताल करते हुए राष्ट्र की एकता, देश प्रेम और अनुशासन एवं कर्तव्य निष्ठा को प्रदर्शित किया गया।





### दुर्गा वाहिनी का 90 वर्ष

शहर के गांधी सभागृह से आरएसएस की दुर्गा वाहिनी की महिलाओं ने भी पथ संचलन किया। दुर्गा वाहिनी की डॉ. उषा मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष आरएसएस की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। वहीं दुर्गा वाहिनी के 90 वर्ष पूरे होंगे। जिसको लेकर काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि लोगों में राष्ट्र की भावना जागृत करने के लिए पथ संचलन का आयोजन किया गया है। दुर्गा वाहिनी की नारी शक्तियों द्वारा निकाली गई पथ संचलन गुरुद्वारा चौक से गांधी चौक, गुड़ाखू लाइन, जूनीहटरी होते हुए जयस्तंभ चौक से वापस गांधी सभागृह पहुंचकर संपन्न हुई।

---

### संचार सुविधा सालभर से ठप्प, व्यवस्था सुधारने ग्रामीणों ने की मांग

# संचार की लचर व्यवस्था से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

सरकार एक तरफ डिजीटल इंडिया का सपना संजोए विकास की विभिन्न योजना को गति प्रदान करने में जूटी हुई है। वही बढ़ते आधुनिक दौर में ग्रामीण क्षेत्र में भी शहरों की तरह सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है, परन्तु वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में लचर संचार व्यवस्था पटरी पर आने का नाम ही नहीं ले रही है।

संचार कम्पनी एवं विभाग का ध्यान आकर्षित करने के बाद भी अब तक कोई जिम्मेदार अधिकारी समस्या की सुध नहीं ले रहा है। नतीजन लोग महंगे रिचार्ज कराने के बाद भी अपने को ठगा महसूस करने लगे हैं। क्षेत्र में बीते साल भर से संचार व्यवस्था काफी कमजोर हो गई है। जिसके चलते आनलाईन दुकान, बैंक, डाकघर, सोसायटी, स्कूल सभी को अपने कार्यों को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में पंचायत, शिक्षा अन्य विभागों को आनलाईन सुविधा से जोड़ा जा रहा है, पर क्षेत्र में संचार की लचर व्यवस्था से लोगों को सुविधा के बजाए परेशानी हो रही है। शहरी क्षेत्र में विभिन्न कम्पनी संचार व्यवस्था की 5 जी सुविधा लम्बे समय से उपलब्ध करा रही है, पर इस सुविधा से ग्रामीण उपभोक्ता वंचित हैं। ग्रामीण क्षेत्र के संचार उपभोक्ता भी 5 जी सुविधा की मांग कर रहे हैं, पर अब तक इस सुविधा से वंचित हैं। नजदीक के छुईखदान एवं गंडई के मध्य 20 किलोमीटर की दूरी पर ग्रामीण क्षेत्र में कहीं भी यह सुविधा उपलब्ध नहीं है।



### कंपनी से कई बार की गई शिकायत

जियो कंपनी के उपभोक्ताओं ने बताया कि साल भर पहले जियो कम्पनी का नेटवर्क काफी अच्छा था। तब मोबाईल उपभोक्ता अपने अन्य कम्पनी के सिम को जियो कम्पनी में बदल लिया है। इस ग्रामीण क्षेत्र में करीब अस्सी फिसदी लोग इसी कम्पनी के संचार व्यवस्था का उपयोग कर रहे है। उपभोक्ताओं ने बताया कि नेटवर्क की खराबी पूरे 24 घंटा बना रहता है। जिसकी शिकायत कम्पनी को कई बार किया जा चुका है। फिर भी संचार व्यवस्था को दूरूस्त नही किया जा सका है। इसी प्रकार की समस्या काल करने पर भी देखा जा रहा है। कई बार मोबाईल नेटवर्क में होने के बाद में भी मोबाईल को नेटवर्क से बाहर बताया जाता है तथा बात करते करते काल कट जाता है। जियो कम्पनी के उपभोक्ताओं ने व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा 5 जी संचार सुविधा उपलब्ध कराने कि मांग की है।

### ऑनलाइन कार्य करने में हो रही परेशानी

ज्ञात हो कि क्षेत्र में सबसे अधिक जियो कम्पनी के उपभोक्ता है। इसके बाद एयरटेल, आडिया, बीएसएनएल संचार के उपभोक्ता भी अधिक है। उपभोक्ताओं ने बताया की खराब संचार व्यवस्था को लेकर बीते साल भर से परेशान हो रहे है। नेटवर्क खराबी के चलते मोबाईल उपभोक्ता सहित आनलाईन सेंटर चलाने वाले दुकानदारों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीएससी सेंटर के संचालक महेन्द्र कुमार ने बताया की मोबाईल मे महंगा रिचार्ज कराने के बाद इसका उपयोग ठीक से नही कर पा रहे है। बीते छ माह से जियो कम्पनी का नेटवर्क काफी खराब होने के कारण लोगों का मोबाईल क्षमता के अनुरुप उपयोग नही हो रहा है। ग्राहकों के आनलाईन कार्य करने में काफी परेशानी हो रही है। सोसायटी के बलदेव कुमार ने बताया कि कमजोर नेटवर्क के चलते किसानों का फसल बीमा, धान पंजीयन, खाद, बीज वितरण सहित अन्य कार्यों में काफी दिक्कत होती है। जिससे किसान परेशान होते सोसायटी का चक्कर काटते रहते हैं। इसी प्रकार डाकघर के समीर मोहम्मद ने बताया की आये दिन नेटवर्क खराबी के कारण कार्यलय का कार्य धीमी गति से होता है। पैसा जमा एवं निकासी में समय काफी अधिक लग जाता है। जिससे ग्राहकों को बहुत परेशानी होती है। खराब नेटवर्क के चलते समय पर खाता भी नहीं खुलने से ग्रामीणों को दिक्कत होती है। लम्बे समय तक कतार में इंतजार करना पड़ जाता है।

---

# बिरनपुर हत्याकांड मामले में कांग्रेस का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बेमेतरा जिले के बिरनपुर में वर्ष 2023 में हुई हिंसा के मामले पर सीबीआई द्वारा पेश की गई चार्जशीट रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते इस मामले को भाजपा का राजनीतिक षड्यंत्र बताया है और सांप्रदायिक दंगा भड़काने का आरोप लगाया है।



कांग्रेस विधायक भोलाराम साहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते कहा कि बिरनपुर हत्याकांड दो पक्षों के बीच की लड़ाई थी, जिसे साम्प्रदायिक हिंसा का रूप दिया गया। इस मामले में सीबीआई द्वारा विशेष अदालत में चार्जशीट पेश की गई। जिससे तस्वीर साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि चुनावी लाभ लेने के लिए भाजपा ने यह षड्यंत्र रचा था।

भोलाराम साहू ने कहा कि विवेचना में यह स्पष्ट हुआ है कि यह घटनाक्रम दो बच्चों के झगड़े से शुरू होकर दो परिवारों तक पहुंचा और बाद में यह दो समुदाय का झगड़ा बन गया। सीबीआई ने अपने जांच में यह भी पाया कि इस घटना में कोई राजनीतिक षड्यंत्र नहीं था, यह एक मामूली झगड़ा था। जिसने खूनी रूप लिया था।

### कांग्रेस सरकार पर लगाया झूठा आरोप

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि उस समय भाजपा ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर जो आरोप लगाया, वह झूठा था। उन्होंने आरोप लगाते कहा कि तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अरूण साव ने भड़काऊ भाषण दिया। जिसके बाद वहां पर आगजनी हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा के षड्यंत्र से कांग्रेस को राजनीतिक रूप से नुकसान हुआ है। उन्होंने इस मामले में उपमुख्यमंत्री अरूण साव से नैतिकता के नाते अपने पद से इस्तीफा देने की मांग की है। कांग्रेस की कान्फ्रेंस के दौरान कमलजीत सिंह पिंटू, भागवत साहू, कुलबीर सिंह छाबड़ा, पंकज बांधव, रूपेश दुबे, अमित चंद्रवंशी सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

---

# दहशरा उत्सव में कृति ने गीतों की दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अधर्म पर धर्म की जीत और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व भव्य आतिशबाजी के बीच अहंकारी रावण के विशालकाय पुतले के दहन के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान हजारों लोग दशहरा उत्सव के आयोजन में शामिल हुए।

शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान में छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति द्वारा आयोजित दशहरा उत्सव के कार्यक्रम में मुंबई की मशहूर प्लेबैक सिंगर आसीस कौर ने अपनी सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। वहीं इस दौरान पद्मश्री तीजनबाई द्वारा छत्तीसगढ़ रत्न से सम्मानित दुर्ग आइडल 2018, वॉइस ऑफ छत्तीसगढ़ 2019, वॉइस ऑफ सेंट्रल इंडिया 2019 और छत्तीसगढ़ आइडल 2022 की विजेता बनी संस्कारधानी की बेटी कृति बख्शी ने भी अपनी सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी, जिस पर दर्शक झूम उठे। कृति बख्शी ने 4 गानों की प्रस्तुति दी। सत्यम-शिवम-सुंदरम, मेरे ढोलना, सुन मेरे प्यार की धुन, हे नाम रे सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरोवाली, घर मोरे परदेसिया। साथ ही अत्याधुनिक आतिशबाजी के बीच रावण के पुतलों का दहन किया गया। आतिशबाजी से आसमान में रंगीन छंटा नजर आई। रावण दहन के आयोजन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, सुरेश एच. लाल, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, कोमल सिंह राजपूत शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने विजयादशमी पर्व को लेकर शुभकामनाएं दी। दशहरा उत्सव 2025 के इस भव्य आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति के सम्मानित सदस्यों को बधाई।

---

# अवैध रूप से शराब-बियर बिक्री, ढाबा संचालक पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ढाबों में अवैध रूप से शराब बिक्री एवं पिलाने की लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर सोमनी पुलिस ने ढाबा में दबिश देकर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत अभियान कार्रवाई के दौरान पुलिस को 3 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम देवादा वीर जी ढाबा में भोलाराम क्षत्री 35 साल साकिन ग्राम इरईकला अवैध धन अर्जित करने अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है।

### बियर बरामद

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर रवाना होकर वीर जी ढाबा के पास खड़े भोलाराम को पकड़कर पूछताछ करने पर ढाबा के अंदर शराब रखकर बिक्री करना बताने पर गवाहों की उपस्थिति में ढाबा की तलाशी लेने पर ढाबा के अंदर 12 बोतल थंडर बोल्ट क्लासिक सुपर स्टांग बियर कीमती 2400 रुपए, 3 बोतल बियर सीम्बा स्टांग कीमती 600 रुपए कुल कीमती 3000 रुपए मिला।




### गिरफ्तार कर किया न्यायालय में पेश

पुलिस ने आरोपी भोलाराम क्षत्री 35 साल साकिन ग्राम इरईकला थाना घुमका हाल वीर जी ढाबा देवादा एवं ढाबा संचालक दलजीत सिंग 40 साल वीर जी द्वाबा देवादा थाना सोमनी जिला राजनादगांव का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### पांच के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र में शांति भंग करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चौकी चिखली द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान गौरीनगर एवं चिखली शराब भट्ठी के पास उपद्रव करने वाले के विरूद्ध जानकारी मिलने पर 4 अक्टूबर को वाद-विवाद कर झगड़ा विवाद कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर अमन सिंह 27 साल साकिन गौरीनगर, मुकेश शिन्दरामे 30 साल साकिन कुसुमकसा बालोद, त्रिलोक नंदेश्वर 25 साल साकिन चंदननगर मोतीपुर, शहजाद खान 25 साल साकिन शांतिनगर व तसलीम खान 18 साल साकिन शांतिनगर को गिरफ्तार कर पृथक-पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

---

# वैष्णव समाज ने बायपास चौक पर लगाया राजा जी चौक का बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा राजनांदगांव द्वारा 2 अक्टूबर को विजयादशमी अवसर पर रायपुर नाका के आगे बायपास चौक को महंत राजा बलराम दास की स्मृति में राजा जी चौक बनाने की घोषणा करते वैष्णव समाज द्वारा बायपास चौक पर राजा जी चौक का बोर्ड लगाया गया।




राजा को याद करते राजनांदगांव रियासत के महंत वैष्णव राजाओं का जयकारा लगाया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा के अध्यक्ष संतोष वैष्णव द्वारा कहा गया कि राजनांदगांव वैष्णव राजाओं का रियासत रहा है, लेकिन शहरभर में किसी भी स्थल पर इन महान दानवीर राजाओं की स्मृति में एक भी चौक चौराहा नहीं है।

यह स्थल छत्तीसगढ़ प्रदेश के राजधानी से आते राजनांदगांव में प्रवेश होने का स्थल है, इसलिए इस चौक को वैष्णव महंत राजा बलराम दास की स्मृति में राजा जी चौक के नाम से जाना जाए। इसी के साथ ही समाज शासन-प्रशासन से मांग करता है कि इस चौक को राजा जी चौक के नाम से मान्यता प्रदान की जाए। वैष्णव समाज के पदाधिकारियों एवं सामाजिक बंधुओं द्वारा राजा जी चौक का बोर्ड लगाया गया।

उक्त कार्यक्रम में जिला प्रभारी शिव कुमार वैष्णव, जिलाध्यक्ष संतोष वैष्णव, जिला महासचिव संदीप वैष्णव, जिला उपाध्यक्ष कमलेश वैष्णव, राजू वैष्णव, विधि सलाहकार जितेंद्र वैष्णव, समाजसेवी देवकुमार निर्वाणी, चंद्रशेखर वैष्णव, राकेश वैष्णव, सुरेन्द्र वैष्णव, भावेश वैष्णव, जीतू बैरागी, दिग्विजय वैष्णव, विश्वास वैष्णव, मनोज निर्वाणी, शौर्य वैष्णव एवं अन्य वैष्णवजन उपस्थित रहे।

---

# रजत जयंती महोत्सव, पुलिस का यातायात जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया।

पुलिस के अनुसार 3 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25वीं वर्षगाठ के तारतम्य में रजत जयंती महोत्सव के दौरान 5 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप के पर्यवेक्षण में उपनिरीक्षक अनिल तिवारी एवं यातायात स्टॉफ द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु ई-रिक्शा, ऑटो वाहन चालकों की मीटिंग लिया गया।

### चालकों को दी गई समझाईश

जिसमें वाहन चालकों को समझाईश दिया गया कि यातायात नियमों का पालन करें, रेड सिग्नल जंप ना करें, बिना लाइसेंस वाहन ना चलाएं, शराब सेवन कर वाहन ना चलाएं, नो पार्किंग में वाहन खड़ी ना करें, सभी चालक अपने वाहनों में पुलिस कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर, चालक का मोबाइल नंबर एवं यातायात पुलिस द्वारा प्रदाय यूनिक नंबर आवश्यक रूप से लिखवाने समझाइश दिया गया। मीटिंग में 40 ई-रिक्शा, ऑटो वाहन चालक उपस्थित हुए।

---

# पाताल भैरवी में होगी स्वर धारा की प्रस्तुति

**राजनांदगांव**। शरद पूर्णिमा के अवसर पर मां पाताल भैरवी मंदिर प्रांगण में स्वर धारा की प्रस्तुति होगी। साथ ही मां पाताल भैरवी मंदिर में जड़ी बूटीयुक्त खीर प्रसादी का वितरण होगा। जिसमें रातभर दर्शकों के भक्ति भाव के साथ मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ के मशहूर कलाकारों की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच स्वरधारा का आयोजन होगा। इसके आयोजक मां पाताल भैरवी मंदिर समिति है।

प्रसादी ग्रहण करने अंचल के हजारों श्रद्धालु भक्त अपने गंभीर बीमारी से छुटकारा पाने इस प्रसादी को लेने आते हैं। यह जड़ी बूटीयुक्त प्रसादी दमा जैसे गंभीर बीमारियों से छुटकारा प्रदान करता है। प्रसादी वितरण सुबह 3 बजे से होता है। जिसके लिए भक्त शाम 6 बजे से कतार लगना शुरू कर देते हैं और इन भक्तों के मनोरंजन के लिए स्वर धारा मां पाताल भैरवी प्रांगण में प्रस्तुति देंगे। संस्था के संचालक लोक गायक विष्णु कश्यप हैं। उनके साथ लोग गायक देवानंद वर्मा, धनंजय साहू, बसंत निर्मलकर, आरती साहू, श्वेता मानिकपुरी और अंजलि सोनवान अपने गीतों से समा बंधेंगे। कॉमेडी के कलाकार अंजलि नरेश सोनवान, मंगलू एवं अन्य साथी रहेंगे। साथ ही नित्य पक्ष के कलाकार विक्की यादव, दिनेश, लोकेश, कुंदन, कमलेश, राधा, डॉली और अन्य साथी रहेंगे। रातभर छत्तीसगढ़ की संस्कृति, ददरिया, कर्मा, पंथी, पंडवानी, भरथरी एवं लोक गीतों की प्रस्तुति के साथ लोक नृत्य के साथ अपनी प्रस्तुति देंगे।

---

# नेत्रदान कराकर दिया महादान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



**राजनांदगांव**। महेंद्र दवे का आकस्मिक निधन 4 अक्टूबर को हो गया। दवे परिवार ने परोपकार की अद्भुत मिसाल पेश करते उनकी दोनों आंखे दान कर दी। उनके इस महादान से दो जरूरतमंद व्यक्तियों को दुनिया देखने का अवसर मिलेगा।

दवे परिवार की इस अनुकरणीय पहल की भावना को आगे बढ़ाते किशोर बैद ने तत्काल उदयाचल संस्था के अशोक मोदी से नेत्रदान के लिए संपर्क किया और सूचना मिलते ही उदयाचल की टीम डॉ. नेहा सिंह और राजनारायण द्विवेदी ने त्वरित कार्रवाई की और मौके पर पहुंचकर उनके नेत्रदान की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इस अवसर पर उदयाचल संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र बाफना ने नागरिकों से अपील की कि वे नेत्रदान के प्रति अपनी रूचि बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो लोगों को दुनिया देखने का अवसर मिलता है, इसलिए हम सभी को इस महादान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

## दीपावली का शुभ दिन 20 अक्टूबर उपयुक्त



**राजनांदगांव**। सनातन धर्म महासभा के छग प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि दीपावली मनाने 20 अक्टूबर ही शुभ दिन उपयुक्त है। श्री पटाक ने बताया कि वैदिक काल से चला आ रहा है कि सनातन धर्म व शास्त्रों व लोकाचार के अनुसार राधा अष्टमी के आठ दिन बाद जो अमावस्या आती है, उस दिन दीपावली मनाई जाती है। 20 अक्टूबर को दोपहर 3.34 बजे से अमावस्या लग रही है। 21 अक्टूबर को शाम 5.26 बजे समाप्त हो रही है। इस प्रकार 20 अक्टूबर को रात्रि अमावस्या पड़ रही है और दीपदान का महत्व रात्रि के शुभ माना गया है व अमावस्या की रात्रि भी पड़ रही है। दीपावली का शुभ दिन 20 अक्टूबर उपयुक्त रहेगा।

---

# युकांइयों ने चस्पा किया बोर्ड

**राजनांदगांव**। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा के नेतृत्व में युवा कांग्रेसी नेताओं ने जिला अस्पताल राजनांदगांव में बिंदुवार विभिन्न समस्याओं से सुधार की मांग की। जिनमें सीटी स्कैन और एक्सरे मशीन की खराबी, ब्लड सेपरेटर मशीन की खराबी, विशेषज्ञ डॉक्टर और स्टाफ की कमी, ओपीडी काउंटर बढ़ाने और अस्पताल में घुमंतू श्वान के विचरण पर रोक लगाने की मांग शामिल है। साथ ही मातृ शिशु अस्पताल में कुत्तों के आतंक को देखतेकुत्तों से सावधान का बोर्ड भी युकांईयों द्वारा चस्पा किया गया।




युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष ऋषि शास्त्री और युवा नेता संदीप सोनी ने बताया कि सालभर से बंद पड़ी मशीनों को जल्द शुरू करने या नई मशीनें लगाने, अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्टाफ की कमी को दूर करने, मरीजों की सुविधा के लिए ओपीडी काउंटर बढ़ाने, अस्पताल की व्यवस्था को दुरुस्त करने व घुमंतू श्वान के विचरण पर रोक लगाने की मांग तथा मातृ शिशु अस्पताल में कुत्तों के आतंक को देखते हुए कुत्तों से सावधान का बोर्ड चस्पा किया गया है। इस दौरान हर्ष साहू, ओंकार दीक्षित, विनोद बंबोले, तौसीफ रजा, अभी गुप्ता, अंसय श्रीवास्तव, दीनू साहू, जीत मेश्राम व राजेश चौहान एवं अन्य मौजूद थे। विशु अजमानी और हर्ष खोबरागड़े ने बताया कि आज हमने विधायक डॉ. रमन के नाम ज्ञापन सौंपते अस्पताल प्रशासन से उपरोक्त मांगों को पूरा करने का अनुरोध किया है और चेतावनी दी है कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आगे आंदोलन की राह अपनाई जाएगी।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH




## 15 वर्षों से आपकी सेवा में



## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान



पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567


JOHN DEERE
धूम-धाम से त्यौहार मनाएँ
कमाल की कीमत पर
अपना मन पसंद जॉन डियर ट्रेक्टर
अपने घर लेकर जाए
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™
5405
TREM IV
4WD
सस्ता नहीं अच्छा लो
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
सबसे आसान फाइनेंस के साथ !
सभी कंपनीयों के पुराने ट्रेक्टर उपलब्ध।
अधिकृत विक्रेता -
जैन मोटर्स
स्टेट हाईट, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच - रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर बाजू में, राजनांदगांव- 9827953976
अंबागढ़ चौकी- 8103024569 | मानपुर - 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क-9977184777, 8120006476, 9406011166 | सर्विस- 8120006480, 8120001601

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने सुनी शिकायत एवं समस्याएं

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा।

### घर-घर क्लोरिन टेबलेट का वितरण

**राजनांदगांव।** मौसमी बीमारी मलेरिया, डेंगू एवं अन्य संक्रामक बीमारियों को फैलने से रोकथाम व बचाव के लिए नागरिकों को डोर-टू-डोर जाकर समझाईस देने व जागरूक किए जाने महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने अपने-अपने प्रभारित वार्ड में सफाई दरोगा एवं वार्ड प्रभारियों को दायित्व सौंपने स्वास्थ्य अधिकारी एवं मिशन क्लीन सिटी प्रभारी को निर्देशित किया। आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि मौसमी बीमारी डेंगू, मलेरिया तथा अन्य संक्रामक बीमारी फैलने की संभावना बनी रहती है, जिसे ध्यान में रखते महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर नागरिकों को संक्रामक बीमारी से बचाने नगर में साफ-सफाई के अलावा लोगों में संक्रामक बीमारी फैलने से रोकने व बचाव हेतु नागरिकों को डोर-टू-डोर जाकर निगम का स्वास्थ्य अमला आमजनों को समझाईस दे रहे हैं।

### जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान

**राजनांदगांव।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जयंती तथा जिला वार्षिक कार्यक्रम के तहत भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा जिला स्काउट्स-गाइड भवन राजनांदगांव में संगोष्ठी, स्वच्छता कार्य, आत्मसुरक्षा, सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। राज्य उपाध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राजेन्द्र गोलछा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों में बारे में बताया। कार्यक्रम में विष्णु प्रसाद साव ने गाइड रेंजर को विषम परिस्थितियों हेतु आत्मसुरक्षा के गुर बताए।

**तैयारी:** मूर्तिकार व कुम्हार फिर व्यस्त, मौसम खड़ी कर रहा समस्या

# दीपावली के लिए लक्ष्मी प्रतिमाएं व दीए बनाने का कार्य जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नवरात्र पर्व के लिए मिट्टी को देवी प्रतिमाओं का रूप देने के बाद मूर्तिकार व कुम्हार एक बार फिर व्यस्त हो गए है। अब वे 18 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा के मद्देनजर दीपावली में उपयोगी मां लक्ष्मी, भगवान गणेश की प्रतिमाओं के साथ दीपावली को रोशन करने वाले मिट्टी के दिए बना रहे है। पर्व की नजदीकियों को देखते हुए इस कार्य में उनका पूरा परिवार जुटा हुआ है।

गौरतलब है कि मिट्टी की बदौलत अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले अंचल के मूर्तिकार व कुम्हार इन दिनों खासे व्यस्त है। तीज, त्यौहारों के इस दौर में पहले गणेश प्रतिमाएं फिर भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमाएं और हाल ही में मिट्टी को देवी प्रतिमाओं का रूप देने वाले इन मूर्तिकारों व कुम्हारों के हांथों से मिट्टी छूट भी नहीं पाई थी कि अब वे दीपावली की तैयारियों में भिड़ गए है। इन दिनों जहां मूर्तिकार दीपावली में पूजी जाने वाली मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमाओं को मूर्त रूप देने में लगे हुए वहीं कुम्हार मिट्टी के दिए बनाने में दिन रात एक कर रहे है। कुम्हारों ने बताया कि दीपावली पर्व पर मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं स्थापित करने की परम्परा है। इसके अलावा घरों में भी दीपावली के रोज मां लक्ष्मी, भगवान गणेश तथा मां सरस्वती की संयुक्त प्रतिमाएं की पूजा की जाती है। जिसके चलते मिट्टी की इन प्रतिमाओं की बाजार में अच्छी मांग होती है। इस मांग को ध्यान में रखते हुए उनके द्वारा आर्डर पर जहां बड़े आकार की वहीं घरों व दुकानों में पूजा के लिए छोटे आकार की प्रतिमाएं बनाई जा रही हैं। वहीं कुम्हारों ने बताया कि दीपावली में मिट्टी के दिए मांग सार्वधिक होती है। जिसे ध्यान में रखते हुए दिया निर्माण कार्य पर्व के काफी पूर्व प्रारंभ कर दिया जाता है। क्योंकि मिट्टी मंगाना, इसे भीगाना, मताना, सानना तथा चाक पर चढ़ाकर दीया बनाना काफी थका देने वाली प्रक्रिया है। इस कार्य के लिए परिवार के सभी लोगों को भिड़ना पड़ता है। पखवाड़े भर पहले से दीपक बनाने का कार्य शुरू करना पड़ता है। इनके सूख जाने पर इसे भट्ठा लगाकर पकाना पड़ता है। तब कहीं जाकर दीपक तैयार होता है। उन्होंने बताया कि इतनी मसक्कत के बाद भी उन्हें बाजार से मेहनत का बाजिब दाम नहीं मिल पाता है। बीते वर्ष 80-100 रूपए सैकड़ा के हिसाब से दीया बेंचा गया था इस बार कुछ दाम बढ़ेंगे।

### लगातार हो रही बारिश काम में डाल रही व्यवधान



इन दिनो लगातार हो रही बारिश मूर्तिकारों और कुम्हारो के इस कार्य प्रभावित कर रही है। मूर्तिकारों और कुम्हारो ने बताया कि मौसम साफ नहीं होने के कारण मिट्टी के दिए और मूर्तियां सूख नहीं पा रही है और जैसे तैसे इन्हें सुखाया भी जा रहा है तो भट्ठा नहीं लग पा रहा है जिसके कारण इन्हें आग में पकाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मूर्तिकारों और कुम्हारो ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अगर मौसम का मिजाज ऐसा ही रहा तो उन्हें नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।

# बारिश से धान की फसल पर गहराता संकट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोडान

पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश ने जहां ग्रामीण जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है वहीं किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

गौरतलब है कि धान की फसल पकने की स्थिति में है और आने वाले कुछ दिनों में कटाई भी शुरू हो जाएगी, लेकिन लगातार बारिश के कारण फसल को नुकसान होने की आशंका है।

इससे किसानों को अपनी साल भर मेहनत की कमाई से वंचित होना पड़ सकता है। इसी प्रकार लगातार की बारिश से सोयाबीन और मूंगफली की फसल भी प्रभावित होते दिखाई दे रही है।

### किसानों की बढ़ी चिंता

किसानों का कहना है कि सरकारी व्यवस्था के तहत रासायनिक खाद की पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने से उन्हें व्यापारियों के पास से तिगुने चौगुने दर पर खाद खरीदना पड़ा है, जिससे इस साल की खेती उन्हें पहले से ही महंगी पड़ी है। अब बारिश के कारण फसल को नुकसान होने से उनकी आर्थिक स्थिति और भी खराब हो सकती है।जिसे लेकर उनके माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई देना स्वाभाविक है।

### धराशायी हो सकती हैं धान की फसल

धान की परिपक्व हो चुकी बालियों के भार से पौधे झुकने लगे हैं और लगातार बारिश की मार झेलकर कब तक तने रह सकते हैं? अगर कुछ दिनों तक बारिश का कहर इसी तरह चलता रहा तो खेतों में धान की फसलें धराशाई होना निश्चित है, जो किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर सकता है।

# नवीन बाजार चौक में दो पक्षों के बीच मारपीट, पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सार्वजनिक स्थान पर मारपीट, गाली गलौच कर अशांति फैलाने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 4 अक्टूबर की शाम नवीन बाजार चौक कवर्धा में गलत तरीके से वाहन चलाने के कारण दो पक्षों के बीच वाद-विवाद हुआ और आपस में मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने लगा।




घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने त्वरित जांच कर मारपीट में शामिल व्यक्तियों की पहचान की और विधि के अनुसार कड़ी कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के भावेश कुमार पिता मदन लाल पाण्डेय निवासी चांदनी चौक पांडातराई, जय पिता भरत निवासी घोठिया तथा छोटू पाली पिता जनक पाली निवासी पालीपारा कवर्धा के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया है। कबीरधाम पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि सार्वजनिक जीवन में शांति और कानून-व्यवस्था को बाधित करने वालों के साथ किसी प्रकार की सहनशीलता नहीं बरती जाएगी।

सड़क पर अनुशासनहीनता, गुंडागर्दी या हंगामा करने वालों के विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और ऐसे तत्वों के खिलाफ लगातार निगरानी एवं सख्ती जारी रहेगी। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो भी व्यक्ति सार्वजनिक शांति भंग करेगा, उसकी पहचान कर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ताकि जिले में कानून, व्यवस्था बनी रहे।

# छात्रा कविता धुर्वे को संघ से मिली 37959 रुपए की आर्थिक सहयोग राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ कबीरधाम से आदिवासी समाज की बेटी कविता धुर्वे पिता कृषक सीता राम धुर्वे निवासी मगरवाड़ा को बीएड प्रवेश फीस के लिए गत 4 अक्टूबर को 37959 रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान की गई। जिला अध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया की कविता धुर्वे का चयन बीएड कॉलेज बेमेतरा में हुआ है उनके माता-पिता छोटे किसान है। उनका बड़ा भाई रायपुर में पीएचडी कर रहा है। लेकिन परिजनो ने दोनो का फीस जमा करने में असमर्थता जाहिर की। जिस पर संगठन ने संज्ञान में लेते हुए कविता को बीएड की फीस के लिए 37959 रूपए का सहयोग प्रदान किया गया। श्री धुर्वे ने बताया कि आदिवासी मंगल भवन कवर्धा में कविता धुर्वे व उनके पिता सीताराम धुर्वे को संगठन पदाधिकारियों की उपस्थिति में मुंह मीठा कराकर गुलदस्ता भेटकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी गई। इस अवसर पर तिरु आसकरण सिंह धुर्वे जिलाध्यक्ष छग अजजा शासकीय सेवक विकास संघ कबीरधाम, अंजोर सिंह सिदार जिला उपाध्यक्ष, रोहित धुर्वे जिला सचिव, कैलाश मंडावी जिला मिडिया, रामबिलास पोर्ते जिला कार्यकारिणी सदस्य, दिलीप कुमार धुर्वे ब्लॉक अध्यक्ष कवर्धा, सुरेन्द्र मरकाम ब्लॉक अध्यक्ष बोड़ला, तिहारी लाल नेताम ब्लॉक उपाध्यक्ष कवर्धा, हुकमी चंद धुर्वे ब्लॉक कार्यकारिणी कवर्धा, उत्तम पोर्टे ब्लॉक पदाधिकारी पंडरिया के साथ सीता राम धुर्वे, धनीराम मेरावी, तुलसी धुर्वे, तुकाराम धुर्वे, देवराज धुर्वे, हेमा मरकाम, प्रांसी धुर्वे साक्षी धुर्वे आदि उपस्थित थे।



# स्वर्णकार सुनार समाज आज मनाएगा श्री महाराजा अजमीढ़ देव जी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



श्री महाराजा अजमीढ़ देव जी के जयंती पर स्वर्णकार सुनार समाज 6 अक्टूबर 2025 दिन सोमवार को सुबह 10 बजे स्वर्णकार सामाजिक भवन यूथ क्लब के पीछे से विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष मनहरण सोनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कवर्धा में पहली बार स्वर्णकार सुनार समाज जयंती का कार्यक्रम व शोभा यात्रा निकाल रहे है। जयंती के मौके पर स्वर्णकार सामाजिक भवन में पूजा प्रतिष्ठा सुबह 8 बजे से होगी। अध्यक्ष रमेश सोनी, संरक्षक भगवती प्रसाद सोनी, बलदाऊ सोनी, बेदी सोनी, भरत सोनी अधिवक्ता, संजय सोनी ने समाज के सभी पदाधिकारी व सभी सामाजिक बंधु से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# अज्ञात चोरों ने सूने मकान में किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मजदूरी कर गुजर-बसर करने वाली महिला जब काम के सिलसिले में गांव से बाहर गई, तो इसी बीच उसके घर को चोरों ने निशाना बना लिया। घटना ग्राम रानीदहरा थाना सिंघनपुरी क्षेत्र की है, जहां एक महिला के घर से मोटर साइकिल समेत कीमती सोना-चांदी के गहने चोरी हो गए। पीड़िता ने थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित महिला ने बताया कि वह 30 सितंबर को सुबह काम पर थी, तभी गांव के पटेल खेदूराम साहू ने फोन कर सूचना दी कि उसके घर में चोरी हो गई है। तुरंत उसने अपनी बेटी राधा साहू और दामाद मनीष साहू को घर जाकर देखने कहा। जब वह रात को करीब आठ बजे गांव लौटी तो देखा कि चोरों ने घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसकर दोनों कमरों के ताले तोड़ दिए थे। कमरे के भीतर खड़ी मोटर साइकिल और उसमें रखे सभी गहने गायब थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए महिला ने दो अक्टूबर को अपनी बेटी और दामाद के साथ थाना सिंघनपुरी पहुंचकर विस्तृत रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल अज्ञात चोरों की तलाश जारी है।

## बाजार...



**कवर्धा।** कवर्धा नगर के बाजार में पहुंचने लगी मौसमी सीता फल।

**मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम और झांकी देखने उमड़ी अंचल की भारी भीड़**

# वनांचल चिलफीघाटी में धूमधाम से मनाई गई नवरात्रि तथा दशहरा उत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिल्फीघाटी

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज श्री वनांचल दुर्गोत्सव समिति चिल्फीघाटी ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र पर्व से लेकर दशहरा उत्सव को भव्यता प्रदान करने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और नवरात्र तथा दशहरा पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। समिति के अनुसार दशहरा उत्सव के लिए विशेष झांकी, शोभा यात्रा के विशेष कलाकारों को छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश से बुलाया गया था। जिसमें शामिल बत्तीस मुखी माता काली, शिव पार्वती की मनमोहक झांकी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस झांकी को देखने बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। वहीं भगवान राम लक्ष्मण की झांकी भी लोगों का मनमोह ली। इस अवसर पर भगवान राम के हाथों रावण दहन दशहरा मैदान में होने के बाद सुप्रसिद्ध गायक कलाकार अमन परवाना कोलकाता, मिनी शहनाज अख्तर के नाम से प्रसिद्ध शालिनी चौहान जबलपुर, इंडियन आइडल के कलाकार नागपुर ने शानदार प्रस्तुति दी। गौरतलब है कि वनांचल दुर्गोत्सव समिति चिल्फी घाटी के तत्वावधान में इस तरह का भव्य आयोजन हर साल सफलता पूर्व सम्पन्न कराया जा रहा है। समिति के प्रकाश अग्रवाल, बृजेश तिवारी, निखिल जायसवाल, राजेश रजक, ओमशंकर धुर्वे, राकेश मेरावी, टिकेंद्र अग्रवाल, दिनेश झारिया, नरेश झारिया, ललित गुप्ता, शुभम, अनिल देशमुख, निखिल गुप्ता, मयंक जायसवाल, आकाश केसरवानी, मिथलेश दास, चंद्रप्रकाश उसराठे, चंदन झारिया, मिंटी उसराठे, गिरधारी मानिकपुरी, नितिन उसराठे ने आयोजन का सफल बनाने में सराहनीय भूमिका निभाई।

# संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि नवपदस्थ बीईओ से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई कवर्धा के प्रतिनिधिमंडल ने नवपदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय दुबे से प्रथम मुलाकात में गुलदस्ता से स्वागत करने के पश्चात ब्लॉक के शैक्षणिक विषयों पर चर्चा की। नवपदस्थ बीईओ ने संघ के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि संकुल समन्वयको व शिक्षकों के समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा जिले में बेहतर शैक्षिक वातावरण हेतु टीम भावना से मिलकर कार्य किया जाएगा। इस दौरान प्रमुख रूप से संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नारायण प्रसाद त्रिपाठी, किरण कुमार मिश्रा, देवेन्द्र पाण्डेय, मनोज साहू, राधेश्याम यादव, भागवत कौशिक, लाला राम साहू, संजीव शर्मा, राजकिरण चंद्रवंशी, योगेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

## बढ़ती बिजली बिल दर से मचा हड़कंप, बिल माफ नहीं हुआ तो करेंगे उग्र आंदोलन

# राम्हेपुर कला में बिजली विभाग के खिलाफ ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर बोड़ला विकासखंड के ग्राम राम्हेपुर कला में बिजली विभाग द्वारा भेजे जा रहे अनाप-शनाप बिजली बिलों से ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है। शनिवार को सैकड़ों ग्रामीण एकत्र होकर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग बिना मीटर रीडिंग के ही मनमाने बिल जारी कर रहा है, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय उपभोक्ता बुरी तरह परेशान हैं। जिस पर ग्रामवासी टीकाराम साहू को 27,980, मनराखन साहू को 2,070, पूजा साहू को 5,800, तीरथ यादव को 1,020, रामधन यादव को 14,000, भागवत साहू को 8,500, दूजराम को 3,000, सुखराम साहू को 5,000, हेमंत साहू को 20,000, रामचंद्र यादव को 20,000 तथा मंगलदास कुरेना को 13,180 का बिल मिला है। इन भारी-भरकम बिलों को देखकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व अंधेर नगरी चौपट राजा जैसी स्थिति है। ग्रामीणों ने बताया कि कई घरों में मीटर खराब हैं या रीडिंग नहीं ली जा रही, फिर भी अनुमानित बिल भेजे जा रहे हैं। लोगों ने मांग की कि विभाग तत्काल जांच कर सही बिल जारी करे। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे सामूहिक बिल भुगतान बंद आंदोलन शुरू करेंगे। विभागीय अधिकारी का पक्ष इस संबंध में बिजली विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कुछ उपभोक्ताओं के मीटर खराब हैं या रीडिंग में तकनीकी त्रुटि आई है। विभाग ने इसकी जांच शुरू कर दी है। जिन उपभोक्ताओं के बिल अधिक आए हैं, उनके बिलों का समायोजन और संशोधन किया जा सकता है। अधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे स्थानीय कार्यालय में अपने बिल की जांच कराएं ताकि सही राशि निर्धारित की जा सके।

### पूर्व कांग्रेस शासन में ऐसा नहीं होता था, ग्रामीणजन



ग्रामीण दूजराम साहू ने कहा कि पूर्व कांग्रेस शासन काल में कभी भी इतना ज्यादा बिल नहीं आता था। वहीं भाजपा सरकार बनने के बाद से बिजली बिल तीन-चार गुना बिजली दर बढ़ गए हैं। अब गरीब आदमी कैसे चुकाए? वहीं भागवत साहू ने चेतावनी दी कि अगर गलत बिल वापस नहीं लिए गए या माफ नहीं किए गए तो हम भाजपा का साथ छोड़ने मजबूर हो जाएंगे। सरकार को जनता का दर्द समझना होगा, नहीं तो आने वाले चुनाव में जनता सबक सिखा देगी।

### ग्रामीणों की मांग हम चाहते हैं न्याय, न कि बोझ

ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि बिजली विभाग को सही रीडिंग के आधार पर बिल जारी करने का निर्देश दिया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द राहत नहीं मिली, तो वे उग्र धरना-प्रदर्शन और मुख्यालय तक पदयात्रा करेंगे।

# पोंड़ी में दशहरा महोत्सव हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया: जयराम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोंड़ी

ग्राम पंचायत पोंड़ी में दशहरा महोत्सव प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिस पर समिति अध्यक्ष जयराम साहू ने बताया कि नगर में गुरूवार को विजयादशमी का पर्व बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं मां शीतला मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व में 132 जोत ज्वांरा कलश प्रज्जवलित किया गया। जिस पर नौ दिनों तक माता रानी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर दसवें दिन नगर भ्रमण कर जोत ज्वांरा विसर्जन किया गया। वहीं दशहरा महोत्सव में परंपरागत तरीके से 20 फीट ऊंचे रावण-पुतला दहन किया गया, जो दशहरा महोत्सव का मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। जिसमें श्रीराम, लक्ष्मण व रावण का जीवंत अभिनय भी प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही साथ ग्राम पंचायत पोंड़ी में रात्रिकालीन शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध राष्ट्रपति से पुरस्कृत लोक गायिका पूनम विराट तिवारी, दिव्या तिवारी, ने छत्तीसगढ़ी गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई। वहीं आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन हजारों की संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लुप्त उठाया। इस दशहरा कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडेय ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जहां सार्वजनिक मां दुर्गोत्सव व दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष जयराम साहू ने इस शानदार कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए समिति के सदस्यों और समस्त ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। मिली जानकारी के अनुसार दशहरा उत्सव के दौरान पुलिस प्रशासन की विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम की व्यवस्था बनाए रखने में समिति का अहम भूमिका निभाई। वहीं शुक्रवार को शारदीय नवरात्रि के समापन पर मां दुर्गा की प्रतिमा का बैंड-बाजे की धुन में नाचते गाते मां दुर्गा की भावपूर्ण विसर्जन किया गया। जिसमे समिति के प्रमुख सदस्य, राजूदास मानिकपुरी, दिलीप श्रीवास्तव, राधे गिर, संतोष साहू, पवन केशरवानी, मुकेश कुम्भकार, शिवनारायण यादव, राजा गोस्वामी, रवि निषाद, वेद साहू, अमन पाली एवं समस्त ग्रामीणजन का विशेष सहयोग रहा।

## महली में दशहरा उत्सव पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**हरिभूमि कुण्डा।** कुण्डा क्षेत्रांतर्गत ग्राम महली बैगा चौक मां दुर्गा पंडाल में दशहरा उत्सव के पावन अवसर पर शिक्षक तुलस चंद्राकर कें मार्गदर्शन में नव-निहाल लोक कला मंच महली की शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसमें ग्राम महली के नन्हे-मुन्हे बाल कलाकारों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी को याद कर स्वच्छता प्रेरक गीत कें साथ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद ग्रामवासी व आसपास क्षेत्रवासियों ने लुप्त उठाया। साथ ही साथ बच्चों को ताली बजाकर उनका उत्साहवर्धन तथा पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया, बच्चों की मनमोहक प्रदर्शन से सभी बच्चों कें साथ नाचते-गाते व झूमते रहे। जिस पर आत्मानंद प्राचार्य गीताराज द्वारा बच्चों को 1100 रूपए पुरस्कार प्रदान उत्साहवर्धन किया गया। व्याख्याता तुलस चंद्राकर द्वारा सभी नन्हे-मुन्हे 69 कलाकारों को 1-1 कम्पास बाक्स तथा उत्कृष्ट चार टीम को 201-201 रू प्रदान कर प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम का संचालन तुलस चंद्राकर किया द्वारा किया गया, कार्यक्रम में विशेष सहयोग शिक्षिका यक्ष चंद्राकर व समिति कें सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। शिक्षक श्री चंद्राकर ने गांव कें बच्चों कें एक मंच देकर उनकी प्रतिभा को निखारने का अच्छा प्रयास किए इसके लिए ये बधाई कें पात्र है, अंत में महिलाएं व बच्चों कें साथ मिलकर शानदार गरवा नृत्य किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित थे।

### खबर संक्षेप

#### सेवा पखवाड़ा के तहत विविध आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में रासेयो के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 17 सितंबर को प्राचार्य डॉ. उमरे ने उपस्थितजनों को स्वच्छता शपथ दिलाई। 20 सितंबर को बर्फानी धाम में शिवनाथ कॉलेज, दिग्विजय कॉलेज, कमला कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज के रासेयो इकाई ने मिलकर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें नगर निगम का पूर्ण सहयोग मिला।

# अमलीमालगी में धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व

- ग्रामीणों द्वारा विधायक का फूल-माला से किया गया भव्य स्वागत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम अमलीमालगी में दशहरा पर्व हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। जिसमें पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा शामिल हुए, वहीं अमलीमालगी में विधायक श्रीमती भावना बोहरा का ग्रामीणों द्वारा फूल-माला से भव्य स्वागत किया गया। उन्होने ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रवासियों को दशहरा पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई। ग्रामीण क्षेत्र में बुराई पर अच्छाई का जीत की प्रतीक पर्व दशहरा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, सममियों व भक्तजनों द्वारा श्रीरामचंद्र भगवान की विधि विधान से पूजा अर्चना कर तिलक लगाकर व आरती उतार कर आर्शीवाद प्राप्त किया। वहीं बुराई को त्याग कर सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए प्रेरित किया। आयोजक समिति द्वारा श्री रामचंद्र, लक्ष्मण, भरत शत्रुहन व हनुमान जी महाराज की लीला-संवादों के साथ भव्य झांकी के माध्यम से श्रीरामचंद्र, लक्ष्मण, भरत व शत्रुहन एवं हनुमान द्वारा रावण वध किया गया। साथ ही साथ उपस्थित पदाधिकारियों व क्षेत्रवासियों ने एक-दूसरे को दशहरा पर्व का बधाई दी गई। रावन दहन पश्चात रात्रिकालीन प्रसिद्ध भजन गायक पं शिवकुमार तिवारी द्वारा शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जनपद उपाध्यक्ष छत्रकिशोर सानू तिवारी, मनहरण साहू, सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश साहू, शेखर सिंगरौल, ओंकार साहू, देवेंद्र चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, रज्जू साहू एवं आसपास पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी गण उपस्थित थे।

## जलभराव की स्थिति निर्मित होने से सड़क व गली-मोहल्ले तालाब में तब्दील

# ठेकेदार की अनदेखी पीएम सड़क जर्जर, आवागमन बाधित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

विधानसभा कवर्धा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिंघनपुरी, बरबसपुर चौक से बरबसपुर गांव जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क की जिम्मेदार ठेकेदार द्वारा 1 वर्ष पूर्व रिपेयरिंग व सुधार कार्य कराया गया, लेकिन गुणवत्ताहीन व अनुपयोगी मटेरियल का उपयोग कर प्रधानमंत्री सड़क निर्माण कार्य कराया गया जो कि वर्तमान में बारिश के चलते सड़क के डामर की परते उखड़ चुकी है, जगह-जगह छोटे-बड़े गड्ढे ही गड्ढे होने के कारण ग्रामीणों व राहगीरों को आने जाने में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे ग्राम सिंघनपुरी, बरबसपुर चौक से बरबसपुर गांव तक 1 किलोमीटर तक सड़क का निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया गया था, लेकिन गुणवत्ताहीन मटेरियल व जलभराव की स्थिति निर्मित होने से ग्रामीण तथा राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे है। मिली जानकारी के अनुसार गांव के अंदर ठेकेदार द्वारा सीसी रोड निर्माण कराया गया था, अब वह सीसी रोड पूरी तरह जर्जर होकर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, साथ ही साथ पक्की नाली निर्माण के अभाव में पानी निकासी नहीं होने के कारण गली-मोहल्ले व चौक चौराहे तालाब में तब्दील हो चुकी है। जो कि वर्तमान समय में ठेकेदार की गुणवत्ता की पोल खोल गई है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा जल्द से जल्द पीएम सड़क में छोटे बड़े गड्ढों की सुधार व मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीण लोगों को आने जाने की बुनियादी सुविधा मिल सके।

### खरपतवार व कांटेदार पेड़ पौधे की साफ सफाई की मांग

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बरबसपुर चौक से ग्राम बरबसपुर तक पीएम सड़क के दोनो ओर शोल्डर की मरम्मत करने साथ ही साथ बरसात में सड़क किनारे उग आए खरपतवार व कांटेदार पेड़-पौधे से सामने की ओर से आ रहीं मोटर-गाड़ी दिखाई नहीं देने से ग्रामीणों व राहगीरो को सड़क हादसे की आशंका बनी हुई है। जिस पर ग्रामीणों ने सड़क सुधार कार्य के साथ साथ सड़क की दोनो ओर शोल्डर की साफ सफाई की मांग की गई ताकि सड़क दुर्घटना से बचा जा सकें व आने जाने में सुविधा तथा राहत मिल सकें।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष में छठवी पीढ़ी कार्य कर रहा है: जेआर चतुर्वेदानी

कवर्धा। रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कवर्धा नगर वार्ड क्रमांक-02 केशव बस्ती में श्री विजयादशमी उत्सव पथ संचलन तथा शस्त्र पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेआर चतुर्वेदानी ने कहा कि अपने हिन्दू समाज में पौरुष तथा शक्ति का जागरण श्री विजयादशमी के पावन पर्व पर होता हैं। इसी पवित्र पर्व पर अपने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य प्रारंभ होकर 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। विश्व शांति और मानव कल्याण का उद्देश्य लेकर सदियों से हिंदू समाज की चल रही, प्रदीर्घ यात्रा का ही सांप्रत रूप हैं। संघ कार्य को दृढ़ीकरण देने के लिये प्रत्येक शाखा के स्वयं सेवको का पथ संचलन आयोजित किया जा रहा है। मुख्य वक्ता कपिलदास मानिकपुरी ने कहा इस वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयादशमी को 100 वर्ष पूर्ण कर लिया। डॉ हेडगेवार ने 1925 में जिस संघ की स्थापना किया था, वह चलते-चलते आज छठवीं पीढ़ी तक संघ का कार्य पहुंच गया। शताब्दी वर्ष पर हम सभी स्वयंसेवकों को पंच प्राण के विषय है, समाजिक समरसत्ता, कुटुम्ब प्रबोधन, स्वबोध, जल एवं पर्यावरण संरक्षण तथा नगरिक कर्तव्यबोध अपने जीवन में शामिल कर भारत माता को परम वैभव के शिखर तक पहुंचाने का कार्य किया जा सकता है। कवर्धा नगर के बस्ती क्रमांक 02 केशव बस्ती में पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम में नगर कार्यवाह प्रहलाद साहू, राजेश जायसवाल, तारकेश्वर साहू, बस्ती प्रमुख साथ बाल एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक उपस्थित थें।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज़
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

